# दिसंबर तिमाही में अडानी पोर्ट का मुनाफा 13 प्रतिशत गिरा; आय 5,000 करोड़ के पार



**Adani Port Q3 Results:** अदानी ग्रुप की कंपनी अदानी पोर्ट ने दिसंबर तिमाही के लिए रिजल्ट **(Adani Port Q3 Results)** का ऐलान किया है. कंपनी के कंसोलिडेटेड मुनाफे में गिरावट**(Decline in consolidated profit of the company)** आई है. दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर अदानी पोर्ट का मुनाफा **(Adani Port Profit)** 1472 करोड़ रुपए से घटकर 1320 करोड़ रुपए रहा. सालाना आधार पर इसमें 16 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई. कंसोलिडेटेड इनकम 3739 करोड़ से बढ़कर 4790 करोड़ रही.

## Adani Ports के मार्जिन में बड़ी गिरावट / Big fall in Adani Ports margin

Adani Port के रेवेन्यू में 17.5 फीसदी की तेजी आई और यह 4072 करोड़ से बढ़कर 4786 करोड़ रहा. **EBITDA 3.7** फीसदी उछाल के साथ 2695 करोड़ रहा. मार्जन में 770 बेसिस प्वाइंट्स की बड़ी गिरावट दर्ज की गई. यह 64 फीसदी से घटकर 56.3 फीसदी रहा. कंपनी का रिजल्ट बाजार के अनुमान से कमजोर रहा. मार्जिन में उम्मीद से ज्यादा गिरावट रही.

## तीन कारोबारी सत्रों से Adani Ports में तेजी / Adani Ports up in three trading sessions

रिजल्ट के बाद अदानी पोर्ट के शेयरों में जो तेजी थी उसमें गिरावट आई है. यह करीब 3 फीसदी उछाल के साथ 560 रुपए के स्तर पर है. कारोबार के दौरान यह स्टॉक 599 रुपए तक पहुंचा था जो 10 फीसदी का अपर सर्किट है. 52 हफ्तों का उच्चतम स्तर 987 रुपए और न्यूनतम स्तर 395 रुपए है. बीते तीन कारोबारी सत्रों से इस शेयर में तेजी देखी जा रही है. 3 फरवरी को इस स्टॉक में 7.87 फीसदी और सोमवार को 9.34 फीसदी की तेजी आई थी.

### हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद स्टॉक में 45% का करेक्शन / 45% correction in stock after Hindenburg report

24 जनवरी को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद इस शेयर **(Adani Ports Shares)** में बड़ी गिरावट आई थी. 23 जनवरी को यह स्टॉक 770 रुपए के स्तर पर था. वहां से यह स्टॉक 425 रुपए के स्तर तक फिसला. उसके बाद से तेजी जारी है. हिंडनबर्ग रिपोर्ट के कारण इस स्टॉक में 45 फीसदी का बड़ा करेक्शन आया, जिसके बाद तीन दिनों से तेजी देखी जा रही है.

Source: https://www.arthparkash.com/adani-ports-profit-drops-13-percent-in-december-quarter